समस्या | आईएसबीटी चौराहा नो कंट्रोल ज़ोन बना

# आईएसबीटी चौराहा बना समस्याओं का केंद्र, ट्रैफिक का घुट रहा दम



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के आईएसबीटी चौराहे की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।रोज़ाना लगभग 600 बसों की आवाजाही वाले इस रूट पर हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि यह चौराहा अब नो कंट्रोल ज़ोन जैसा नजर आता है। परमिट होने के बावजूद बसों की मूवमेंट और अव्यवस्थित पार्किंग ने पूरे सिस्टम को ठप कर दिया है। वही चौराहे के कोने पर मौजूद शराब की दुकान ने हालात को और बिगाड़ दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान के सामने अक्सर भीड़ जमा रहती है, जिससे सड़क का एक हिस्सा लगभग इनके कब्जे में चला जाता है। यहां खड़े वाहन और लोगों की आवाजाही ट्रैफिक को बाधित करती है, लेकिन इस पर कोई रोक-टोक नहीं दिखती।

### उठ रहे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है।व्यस्ततम चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी बेहद कम नजर आती है। न तो अवैध पार्किंग पर कोई सख्ती दिखाई जाती है और न ही ट्रैफिक को व्यवस्थित करने का कोई ठोस प्रयास किया जाता है। इस अव्यवस्था का सीधा असर शहर की रफ्तार पर पड़ रहा है। व्यापार, शिक्षा और इमरजेंसी सेवाएं सभी प्रभावित हो रही हैं।अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आईएसबीटी चौराहा आने वाले समय में शहर की सबसे बड़ी ट्रैफिक समस्या बन सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शराब की दुकान के आसपास सख्ती से निगरानी की जाए, अवैध पार्किंग हटाई जाए और ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि इस जाम से राहत मिल सके।

### इनका कहना है



सवारी खुद चौराहे के पास खड़ी रहती है, अगर हम अंदर खड़े रहें तो पैसेंजर छूट जाते हैं।

**शिवा, बस एजेंट**



यातायात पुलिस कभी-कभी दिखती है, लेकिन नियमित कंट्रोल नहीं दिखाई देता है।

**राहुल**

# पानी की किल्लत होगी दूर, जाम से मिलेगी मुक्ति

**पानी की टंकी, पुलिया चौड़ीकरण का भूमिपूजन**



**जबलपुर।** लंबे समय से गोहलपुर क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम से अब नागरिकों को स्थाई राहत मिलने वाली है। 3 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह पुलिया शहर के बुनियादी ढांचे के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है। पानी की किल्लत भी दूर होगी। यह बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने 4 .5 करोड रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए कहीं । इस दौरान उच्चस्तरीय पानी टंकी, पुलिया चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया गया।इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे ने बताया कि यह पुलिया 80 फीट चैड़ी और 80 फीट लंबी होगी।उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि चैड़ीकरण के बाद जबलपुर शहर के नागरिकों को संकरी सड़क और घंटों के जाम से निजात मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार और आवागमन को नई गति मिलेगी। विधायक डॉ. पाण्डेय ने बताया कि चुनाव के दौरान उन्होंने अपने घोषणा पत्र में गोहलपुर पुलिया चैड़ीकरण कराने के कार्य का संकल्प लिया था, जिसे आज पूरा कर अपने सपने को साकार किया।इसके लिए उन्होंने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### शहर पकड़ रहा विकास की रफ्तार: कमलेश

इस अवसर पर क्षेत्रीय वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नेतृत्व में कराये जा रहे हैं। शहर की विकास की रफ्तार पकड़ रहा है।

इस दौरान निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल, पार्षद वर्षा मनोज सेन एवं मधुवाला राजपूत, अपर आयुक्त व्ही एन बाजपेयी, सहायक यंत्री राजेश खम्परिया, अंकुर नाग, प्रदीप मरावी आदि उपस्थित रहे।

### 12 लीटर की होगी टंकी, घर-घर पहुंचेगा पर्याप्त पानी

महापौर श्री अन्नू ने बताया कि विकास की कड़ी में केवल सड़कें ही नहीं, बल्कि मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। महाराजा अग्रसेन वार्ड के चंद्रशेखर उद्यान में लगभग 76 लाख रुपये की लागत से एक उच्चस्तरीय पानी की टंकी का निर्माण शुरू किया गया है, इस टंकी की क्षमता 12 लाख लीटर होगी।इससे उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मोहल्लों में पानी के दबाव की समस्या खत्म होगी और घर-घर तक पर्याप्त पानी पहुँचेगा।

# नर्मदा में समाया घर का चिराग

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत दाद्दाजी घाट पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया 18 वर्षीय युवक रेहान अंसारी नर्मदा नदी के गहरे पानी में डूब गया। करीब 19 घंटे चले सघन रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सोमवार दोपहर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने युवक का शव बरामद किया है। तिलवारा थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि हनुमान ताल टेढ़ी नीम, बड़ा मादर छल्ला निवासी रेहान अंसारी पिता कुतबुद्दीन अंसारी 18 वर्ष रविवार शाम करीब 5 :30 बजे अपने दोस्त सोहिब अंसारी, मोह. साहिल अंसारी एवं अन्य के साथ मोटर सायकल से नहाने के लिये नर्मदा नदी के दाद्दाजी घाट पहुँचा था। गर्मी और मस्ती के माहौल में युवक नदी में नहाने के लिए उतरा, लेकिन तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि रेहान खुद को संभाल नहीं पाया और देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया। हादसे की सूचना मिलते ही तिलवारा पुलिस सहित होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुँचीं। गोताखोरों की मदद से रविवार रात 12 बजे तक नदी में रेहान की तलाश की गई, लेकिन अंधेरा और गहराई बाधा बनी रही। सोमवार सुबह एक बार फिर रेस्क्यू ऑपरेशन पूरी ताकत से शुरू किया गया। गोताखोरों ने नदी की तलहटी और बहाव की दिशा में सर्चिंग की, जिसके बाद दोपहर करीब 12-30 बजे घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर रेहान का शव मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रेहान की मौत से उसके घर में मातम पसर गया है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गुंडाराज, अहंकार को जनता ने कुचला, भाजपा को मिला जनादेश

**3 राज्यों में खिला कमल, ऐतिहासिक जीत पर भाजपाईयों में खुशी की लहर, सादगीपूर्ण आयोजन**

**जबलपुर।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणामों में पश्चिम बंगाल, असम एवं पाण्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी के मिली एतेहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा भाजपा फार्यालय रानीताल में सादगीपूर्ण वातावरण में कार्यकर्ताओं में में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपाईयों ने खुशी व्यक्त कर बंगाल की जनता सहित पूरे देश की जनता को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर झालमुड़ी क वितरण भी कार्यकर्ताओ के बीच किया गया। भाजपाईयों ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस केसंरक्षण में गुंडाराज पनप रहा था परंतु अब जनता ने ममता के अहंकार को कुचलकर भाजपा को जनादेश दिया है। यह पश्चिम बंगाल की जनता की जीत है पश्चिम बंगाल केसाथ ही असम और पाण्डुचेरी में भाजपा ने प्रचंड विजय हासिल की है इन राज्यों में अब जनता का शासन होगा। यह जीत कार्यकर्ताओ केलिए खुशी का अवसर है, किन्तु विगत दिनों बरगी में हुए हादसे से सभी का मन व्यथित है इसीलिए संगठन ने निर्णय लिया है कि भाजपा कार्यकर्ता सादगी से एक दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे और जनता का आभार व्यक्त कर रहे।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यालय में बरगी में हुई दुर्घटना में मृतकों को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे, आदि उपस्थित थे।




### भाजपा का वैचारिक प्रवाह अब और होगा अविरल

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा इस जीत के साथ गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का वैचारिक प्रवाह होगा अब अविरल होगा और स्थाई रूप से कमल खिलता रहेगा, यह वैचारिक प्रवाह विकास की उर्वक्ता को बढ़ायेगा और अब कमल की पंखुड़िया देश को सीमाओं को सुरक्षित रखने का बड़ा कार्य करेंगी।

### तानाशाह सरकार को जनता ने दिया जवाब: रत्नेश

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्य में ममता बनर्जी की तानाशाह सरकार को जनता ने वोट केमाध्यम से जवाब देकर यह बताया है किदेश में जनता ही सर्वोपरि है और यह जनादेश भाजपा को मिला है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब बंगाल में भी डबल इंजन की सरकार काम करेगी।

### अब जनता का शासन होगा: आशीष


सांसद आशीष दुबे ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जहां ममता के शासन में राज्य की स्थिति भयावह थी महिलाओं पर अत्याचार हो रहे थे, आमजनों को घरों से निकालना मुश्किल था, तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में गुंडाराज पनप रहा था परंतु अब जनता ने ममता केअहंकार को कुचलकर भाजपा को जनादेश दिया है, यह पश्चिम बंगाल की जनता की जीत है पश्चिम बंगाल केसाथ ही असम और पाण्डुचेरी में भाजपा ने प्रचंड विजय हासिल की है इन राज्यों में अब जनता का शासन होगा।


आत्मनिर्भर भारत | IFFCO पूर्णतः सहकारी स्वामित्व Wholly owned by Cooperatives | सहकार से समृद्धि



माननीय प्रधानमंत्री
**श्री नरेन्द्र मोदी जी**
*"दुनिया के लिए सहकारिता एक बिजनेस मॉडल है, लेकिन भारत के लिए यह हमारी संस्कृति का आधार और जीवन जीने का तरीका है।"*

माननीय प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी** एवं
माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री **श्री अमित शाह जी** के
मार्गदर्शन में नैनो उर्वरकों से हो रही है भारतीय कृषि सशक्त



माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
**श्री अमित शाह जी**

**नैनो उर्वरकों का कमाल, हर खेत-किसान बने खुशहाल**

नैनो यूरिया प्लस • नैनो डीएपी • नैनो एनपीके • नैनो ज़िंक • नैनो कॉपर
धरामृत • सागरिका • जैव उर्वरक

उत्तम खेती के लिए स्मार्ट समाधान

मिट्टी की उर्वरता बढ़े | कम लागत में अधिक उत्पादन
पर्यावरण के लिए सुरक्षित | फसल की गुणवत्ता में सुधार
कम मात्रा में अधिक प्रभाव | भंडारण एवं प्रयोग करने में आसान




इफको का है यह अभियान
स्वस्थ हो धरती, खुशहाल बने किसान

इफको के नैनो उर्वरक सम्पूर्ण स्वदेशी हैं | इफको द्वारा विकसित नैनो उर्वरक, आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर कृषि की पहचान हैं

IFFCO पूर्णतः सहकारी स्वामित्व Wholly owned by Cooperatives

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड
इफको सदन, सी-1, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत प्लेस, नई दिल्ली - 110017
**दूरभाष:** 91-11-26510001, 91-11-42592626 | **वेबसाइट:** www.iffco.in
**ग्राहक सेवा हेल्पलाइन नंबर (टोल फ्री): 1800 103 1967**

**इफको** के उत्पाद और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें और हमसे जुड़ें